कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-25.12.2024

विषयः- पूजा-पाठ के बहाने छल करके महिला के आभूषण चोरी करने के मामले में 02 नफ़र वांछित अभियुक्तागण थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से पीली व सफेद धातु के आभूषण बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0547/2024 धारा 318(4) बी0एन0एस0 व बढोत्तरी धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित 02 नफ़र अभियुक्तागण को आज दिनांक-25.12.2024 को समय करीब 10.50 बजे डीएम कम्पाउण्ड के पास थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित पीली व सफेद धातु के आभूषणों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-21/12/24 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने 03 अज्ञात महिलाओं द्वारा घर में घुसकर वादी की पत्नी को पुजा-पाठ करने के नाम पर भ्रमित कर गहने उतरवा देने तथा कुछ देर बाद संपूर्ण उतारे गए गहने लेकर चले जाने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना कैंट में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 आकाश कुमार सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- दोनों अभियुक्ताओं ने पूछताछ करने पर बताया की हम दोनों ने अपनी एक अन्य साथी के साथ मिलकर पुजा-पाठ के बहाने दिनांक-18.12.2024 को दिन में फुलवरिया के पास एक महिला के घर से महिला से छल कर के उसके आभूषण (सोने का कान का टप, मंगलसूत्र, अंगूठी और चांदी का पायल) चोरी कर लिये थे, जो आज आप लोगों ने बरामद कर लिया है। हम लोगों को जब पता चला कि हम तीनों की फुटैज कैमरे में आ गई है तब से हम लोग छिप कर रहने लगे थे। हम तीनों महिला साथी एक साथ मिलकर मेला, बाजार,मंदिर, ट्रेन आदि जगहों पर भी इसी प्रकार से छलकर महिलाओं के गहने चोरी कर लेते हैं।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद मंगलसूत्र पीली धातु, 01 अदद अंगूठी पीली धातु, 02 अदद टप्स पीली धातु, 02 अदद पायल सफेद धातु बरामद।

गिरफ्तार अभियुक्तागण का विवरण-

मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 02 नफ़र अभियुक्तागण, उम्र क्रमशः 44 वर्ष व 40 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

डीएम कम्पाउण्ड के पास थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी से,दिनांक-25.12.2024 को समय करीब 10.50 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0547/2024 धारा 318(4),303(2),317(2) भा0न्या0सं0 थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 आकाश कुमार सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 सत्यम यादव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. प्रशि0उनि0 सत्यम चौरसिया थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 सचिन मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 अनुज कुशवाहा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 नागेन्द्र चौहान थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
7. म0का0 आयुषी शिखा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
8. म0का0 किरन यादव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।